# झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, रांची

## प्रेस विज्ञप्ति

### द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सीमित उप समाहर्त्ता नियुक्ति परीक्षा कार्यक्रम

आयोग के विज्ञापन संख्या–9/2010 के क्रम में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सीमित उप समाहर्त्ता नियुक्ति परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया गया हैः–

| परीक्षा तिथि | पाली | समय | विषय | स्वरूप |
|---|---|---|---|---|
| 27.01.2013 (रविवार) | प्रथम | पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक | सामान्य अध्ययन | वस्तुनिष्ठ |
| | द्वितीय | अपराह्न 2.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक | विभागीय विषय | विषयनिष्ठ |

सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश, प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैंः–

1. इस परीक्षा के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जाएँगे।
2. आयोग के वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर अनुदेश, प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होने की व्यवस्था की गई है।
3. प्रवेश पत्र के साथ पालीवार दो उपस्थिति पत्रक एवं अनुदेश की प्रति आयोग के वेबसाइट से अभ्यर्थी डाउनलोड करेंगे।
4. आयोग के वेबसाइट पर दिनांक–16.01.2013 से अभ्यर्थी प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक सम्बन्धित लिंक पर अपना नाम एवं जन्मतिथि डालकर डाउनलोड कर सकते हैं।
5. यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो वे आयोग के पूछताछ काउन्टर से दिनांक–21 जनवरी एवं 22 जनवरी,2013 ई0 को कार्यालय अवधि में अपना नाम, पिता का नाम एवं जन्मतिथि बताकर प्राप्त कर सकते हैं।
6. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षा केन्द्र की जांच कर लें यदि उनमें कहीं कोई त्रुटि नजर आती है तो आयोग के पूछताछ काउन्टर से दिनांक–21 एवं 22 जनवरी,2013 को अवश्य सम्पर्क करें।
7. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र एवं उपस्थिति पत्रक अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य साथ लाएँ अन्यथा उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा।
8. ऐसे आवेदनकर्त्ता जिनका आवेदन आयोग द्वारा अस्वीकृत होगा, की सूची दिनांक–16.01.2013 से आयोग के वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

ह0/– परीक्षा नियंत्रक
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची।